# नगर पालिक निगम, भोपाल

माता मंदिर, हर्षवर्धन काम्पलेक्स, भोपाल

**MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**

कार्या. दूरभाष 0755-2701222
फैक्स :- 0755-2701223
Email : commoffice@bmconline.gov.in
commbhopal@mpurban.gov.in


18799
1/11/19

पत्र क्रमांक ..........................

भोपाल दिनांक....................

प्रति,

श्री एस.पी.एस. परिहार
(आई.ए.एस)

अध्यक्ष,
केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
परिवेश भवन,
नई दिल्ली

विषय :- भोपाल नगर पालिका निगम क्षेत्र में ई अपशिष्ठ संग्रहण हेतु ई-वेस्ट क्लीनीक की स्थापना बावत।
संदर्भ :- दिनांक 18.09.2019 को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दल द्वारा किये गये भ्रमण एवं बैठक के संदर्भ में।

महोदय,

नगर पालिक निगम भोपाल ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर अभिनव प्रयास करता रहा है इसी तारतम्य में भोपाल में सहप्रथम ई-अपशिष्ठ संग्रहण केन्द्र 14.05.2012 को प्रारंभ किये गये थे, (संलग्न-1) प्रतिवर्ष 432 मैट्रिक टन ई-अपशिष्ठ उत्सर्जीत होता है। भोपाल नगरीय क्षेत्र से निकलने वाले ई-अपशिष्ठ को ई अपशिष्ठ प्रबंधन नियम 2016 के परिपालन में आपके दल से की गई चर्चानुसार एक ई-वेस्ट क्लीनीक की स्थापना की जाना प्रस्तावित है। जिसके परिपालन में निगम द्वारा व्यवस्थाओं हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गई है एवं आवश्यक अनुमतियां तथा अनुबंध निष्पादित किये जा चुके है।

नगर पालिक निगम भोपाल को ई-अपशिष्ठ के प्रबंधन हेतु आपके द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर भोपाल शहर को चयन करने के लिए धन्यवाद नगर पालिक निगम भोपाल उपरोक्त परियोजना को नियमानुसार संचालित करने हेतु हरसंभव सहयोग करने को तत्पर है।

अतः आपसे अनुरोध है कि शीघ्र उपरोक्त परियोजना को प्रारंभ करने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।

**(विजय दत्ता)**
आई.ए.एस
**आयुक्त**
**नगर निगम भोपाल**

पृ.क्रमांक 223 / आ क. / 2019 भोपाल, दिनांक 21 / 10 / 2019

प्रतिलिपि :-

1. अपर आयुक्त, (स्वास्थ्य) नगर निगम भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. सदस्य सचिव म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल।
3. इम्तियाज अली सार्थक संस्थान भोपाल की सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

**आयुक्त**
**नगर निगम भोपाल**

SE-IV

02/11/19

Pl. put up on website
1/11/19

कार्यालय नगर पालिक निगम
भोपाल

क्रमांक 31 / नपानि / 2012 भोपाल, दिनांक 14 / 05 / 2012

आदेश

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली की अधिसूचना दि. 12 / 05 / 2011 के अध्याय क्रमांक–2 के बिन्दु क्रमांक–4 के अंतर्गत नगर पालिक निगम भोपाल को ई–वेस्ट कलेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करना है । ई–वेस्ट कलेक्शन हेतु नगर निगम सीमा के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र मे 5 ई–वेस्ट संग्रहण केन्द्रों की स्थापना की गई है । ई–वेस्ट के अन्तर्गत टी. व्ही., फ्रिज, मोबाईल, कम्प्यूटर आदि समस्त प्रकार के अनुपयोगी इलेक्ट्रानिक उपकरणों का संग्रहण किया जाना है । उक्त अनुपयोगी ई–वेस्ट को कोई भी नागरिक / व्यापारिक / आवासीय, व्यवसायिक ,शासकीय,अशासकीय संस्थान निम्नांकित चिन्हित किये गये सेन्टर पर दे सकेगा ।

| क्रमांक | संग्रहण केन्द्र | ई–वेस्ट स्वच्छता प्रभारी |
|---|---|---|
| 1 | भानपुरा संग्रहण केन्द्र, विदिशा रोड भोपाल | स्वच्छता प्रभारी जोन क्रमांक 13 |
| 2 | आनन्द नगर संग्रहण केन्द्र, जम्बुरी मैदान रायसेन रोड भोपाल | स्वच्छता प्रभारी जोन क्रमांक 12 |
| 3 | नेहरू नगर संग्रहण केन्द्र, गंदीबस्ती नेहरूनगर, भोपाल | स्वच्छता प्रभारी जोन क्रमांक 6 |
| 4 | बागमुगालिया संग्रहण केन्द्र, होशंगाबाद रोड भोपाल | स्वच्छता प्रभारी जोन क्रमांक 11 |
| 5 | गाँधी नगर संग्रहण केन्द्र, डेन्टल कॉलेज के पास, नरसिंहगढ़ रोड भोपाल | स्वच्छता प्रभारी जोन क्रमांक 1 |

उक्त केन्द्रों पर ई–वेस्ट के संग्रहण हेतु नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी को सुपरविजन हेतु अधिकृत किया गया है । इसके साथ ही साथ समस्त स्वच्छता प्रभारियों / वार्ड पर्यवेक्षक को निर्देशित किया गया है, कि वे कचरा संग्रहण के समय, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के समय पाये जाने वाले ई–वेस्ट को पृथक कर निगम के नजदीक के संग्रहण केन्द्र पर पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि संग्रहित ई–वेस्ट वर्षा आदि से क्षति न पहुँचे उसे शेड के अन्दर रखा जावे । ई–वेस्ट संग्रहण में सहयोग के लिये श्री इम्तीयाज

अली, सार्थक संस्था (मोबाईल 98263-25798 ) से सहयोग लिया जावे । सार्थक संस्था संग्रहित ई-वेस्ट का रिकार्ड भी संधारित करने में सहयोग देवें एवं मासिक रिपोर्ट अपर आयुक्त नगर निगम कार्यालय को प्रेषित करें ।

15/5

आयुक्त
नगर पालिक निगम, भोपाल

पृ.क्रमॉक 41 / नपानि / 2012 भोपाल, दिनॉक 14/05/2012

प्रतिलिपि :

1. प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, संचालनालय भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
3. सदस्य सचिव, म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
4. जनसम्पर्क शाखा, नगर पालिक निगम भोपाल प्रकाशनार्थ ।
5. संबंधित अधिकारी ........................ को पालनार्थ ।
6. श्री इस्तीयाज अली, सार्थक संस्था भोपाल की ओर पालनार्थ ।

15/5

आयुक्त
नगर पालिक निगम,भोपाल